Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**MOM of Committee of Management**
**Date: 18.08.2024**
**Place: Bihar CA office, 45/C, Patliputra Colony, Patna-800013**

**Time: 9:30 AM onwards**
**Attendance: As per Register.**

The Meeting was brought to order after confirming the required quorum and Sri Rakesh Kumar Tiwary, President of Bihar Cricket Association presided over-

1. **To Confirm the proceedings of the Last Meeting.**

   पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों को पढ़ कर सुनाया गया, बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विचारोपरांत सर्वसम्मति से सभी निर्णयों को संपुष्ट किया ।

2. **To Discuss and Recommend the Names of the shortlisted Selectors.**

   बीसीए कार्यालय में विभिन्न केटेगरी हेतु प्राप्त आवेदनों का विवरण बैठक में उपस्थित सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया I आवेदकों द्वारा अपने आवेदन के साथ संलग्न testimonial एवं अन्य दस्तावेजों/ वांछित अनुभव की पुष्टि बीसीसीआई से करवाने की बात सीईओ श्री मनीष राज ने किया तथा इस सन्दर्भ में उनके और बीसीसीआई के दौरान हुए संवाद (मेल) को भी प्रस्तुत किया गया ।

   बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से उपस्थापित लिस्ट को आम सभा के विचारार्थ अग्रसारित करने का निर्णय लिया ।

Rakesh Kumar Tiwary



**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

3. **To Discuss and Decide regarding the status of the Domestic Tournaments.**
जीएम क्रिकेट सञ्चालन की अनुपस्थिती में मैनेजर , क्रिकेट सञ्चालन, श्री ए के चन्दन ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को जानकारी दिया कि सत्र 2023-24 में डोमेस्टिक स्तर पर कुल 315 मैच कराये गए। प्रतिकूल मौसम तथा मैदानों सहित मैच ओफिशियल्स की कमी के कारण कुछ मैच बाधित रह गए हैं।
सदस्यों ने संसाधनों की कमी के बावजूद निरंतर विभिन्न केटेगरी के अंतर-जिला प्रतियोगिताएं के सफल सञ्चालन हेतु आयोजक जिला संघों, प्रतिभागी जिला संघों, सभी अंपायर/ स्कोरर तथा इस सन्दर्भ में लगातार बीसीए कर्मियों को प्रोत्साहित करने हेतु माननीय अध्यक्ष को बधाई दिया।
सदस्यों ने श्री चन्दन को निर्देश दिया कि इस सत्र में डोमेस्टिक प्रतियोगिताओं का कैलेंडर शीघ्र घोषित किया जाये एवं फ़रवरी,2025 से सत्र 2024-25 के मैच शुरू कर दिए जाएँ।
बैठक मे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जीएम क्रिकेट संचालन की अनुपस्थिति मे श्री ए के चन्दन जो मैनेजर क्रिकेट संचालन के पद पर हैं, सभी निर्णय ले सकेंगे जिससे बीसीए का कोई कार्य बाधित नहीं हो पाये।

4. **To Discuss and Decide regarding the preparation for the participation in BCCI Matches/Tournaments to be held at Bihar.**

आसन द्वारा इस सन्दर्भ में जानकारी देने हेतु जीएम प्रशासन को आदेश दिया, जीएम प्रशासन ने माननीय सदस्यों को जानकारी दिया कि पूर्व के निर्णय के आलोक में "पिछले दर के आधार पर पूर्व से नियुक्त वेंडर्स से कार्य कराने" हेतु सहमती प्राप्त करने की कारवाई की जा रही है तथा कुछ आवश्यक कार्य जैसे मैदान के रख-रखाव का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सन्दर्भ में 2-3 बैठक कर आवश्यक सभी कार्यों का वर्गीकरण भी कर लिया गया है। कुछ वेंडर्स को उनके मांग के विरुद्ध इसके निमित्त mobilization एडवांस भी दिया गया है जिससे ससमय कार्य सम्पादन में कोई बाधा नहीं आये।
बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्देश दिया कि बीसीसीआई के मैच/टूर्नामेंट के निमित्त प्रेषित गाइडलाइन्स एवं स्तर को कायम रखते हुए तथा समय की प्रतिबद्धता के साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता का भी हमेशा ख्याल रखा जाये और यह कोशीश की जाये कि सभी वेंडर्स पिछले वर्ष के अनुशंसित दर पर ही कार्यादेश प्राप्त करें।

Rakesh Kumar Tiwary



**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

सर्वसम्मति से इस कार्य हेतु सचिव,सीईओ एवं जीएम प्रशासन को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

5. **To Discuss and Decide regarding the preparation/participation in the BCCI matches/Tournaments to be held outside Bihar.**

जीएम प्रशासन ने आसन के आदेश से बैठक में उपस्थित सदस्यों को इस सन्दर्भ में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। गत वर्ष के अनुमोदित वेंडर्स के कार्यों पर संतोष प्रकट किया गया तथा बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्देश दिया कि बीसीसीआई के मैच/टूर्नामेंट के निमित्त प्रेषित गाइडलाइन्स एवं स्तर को कायम रखते हुए तथा समय की प्रतिबद्धता के साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता का भी हमेशा ख्याल रखा जाये और यह कोशिश की जाये कि सभी वेंडर्स पिछले वर्ष के अनुशंसित दर पर ही कार्यादेश प्राप्त करें।
सर्वसम्मति से इस कार्य हेतु सचिव,सीईओ एवं जीएम प्रशासन को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया। लोजिस्टिक तथा अन्य कार्यों के लिए जीएम प्रशासन को बीसीए कर्मियों से आवश्यक सहयोग लेने हेतु अधिकृत किया गया।

6. **To Discuss and Decide regarding the Appointment of the Electoral Officer.**

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने वर्तमान निर्वाची अधिकारी के कार्यों के प्रति संतोष प्रकट करते हुए उनके अनुभव तथा कार्यों के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से दिनांक 19 अगस्त,2024 से अगले निर्णय तक डॉ एम मोदास्सिर (अवकाशप्राप्त आईएस एवं पूर्व चुनाव आयुक्त) को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के निर्वाची अधिकारी के रूप में उनकी सहमती के आधार पर सेवा में जारी रखने का निर्णय लिया।

7. **To Discuss and Decide regarding the Financial status and Audited Statement of Accounts to be presented.**

अभीतक हुए व्यय का विस्तृत विवरण सीईओ एवं जी एम प्रशासन ने सभा के पटल पर प्रस्तुत किया। जिसे विचारोपरांत उचित पाते हुए सर्व सम्मति से स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

Rakesh Kumar Tiwary



**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

वित्तीय वर्ष 2023-24 के औपबंधिक अंकेक्षित लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया। चूँकि बीसीसीआई द्वारा समय पर बीसीए का लेजर बार-बार मांगे जाने के बावजूद नहीं भेजा गया और दिनांक 16.08.2024 को मेल से भेजा गया है अतः, फाइनल अंकेक्षित एकाउंट्स में कुछ परिवर्तन संभावित है।

जीएम प्रशासन ने सदस्यों को अवगत कराया गया कि बीसीसीआई द्वारा लेजर देरी से भेजने का मामला गोवा की बोर्ड मीटिंग में भी सभी राज्य इकाइयों ने उठाया था,लेकिन, यह अभी तक दुरुस्त नहीं हो पाया है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस मामले पर विचार के दौरान बताया कि गत वित्तीय वर्ष में भी यह घटना हो चुकी है, अत: वर्तमान स्थिति में सदस्यों ने सर्वसम्मति से औपबंधिक अंकेक्षित लेखा-जोखा को ही आम सभा में अग्रसारित करने तथा इस सन्दर्भ में बीसीसीआई से भी आवश्यक कारवाई हेतु अनुरोध करने का निर्णय लिया।

सदस्यों ने सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के पुनरीक्षित- लेखांकित- अंकेक्षित लेखा-जोखा जिसे 15 सितंबर,2023 के आम सभा के बाद इसी स्थिति में दिनांक 24.12.2023 की प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थापित किया गया था, को भी आसन्न आम सभा में पटल पर रखा जाय तथा सदस्यों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए आत्मसात तथा पारित करने का अनुरोध किया जाय।

**8. To Discuss and Decide regarding the Financial status and Budget for the F.Y. 2024-2025 to be presented.**

उपस्थापित खर्चों के व्योरे तथा बजट पर चर्चा के उपरान्त सभी खर्चों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बीसीए को इस सत्र से बीसीसीआई द्वारा दिए जा रहे फण्ड में प्रति वर्ष मिलने वाले 10 करोड़ से बढा कर 15 करोड़ किये जाने की सूचना माननीय अध्यक्ष ने दिया।

इंफ्रास्ट्रक्चर के मद में प्राप्त होने वाले अलग से 2.5 करोड़ को गत वर्षों में बीसीसीआई द्वारा मशीन/इक्कुइप्मेन्ट के रूप में उपलब्ध नहीं कराये जाने पर चिंता प्रकट की गयी तथा इस सन्दर्भ में पुनः इमेल के माध्यम पुनर स्मारण भेजने हेतु जीएम प्रशासन को अधिकृत किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary



**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

9. **Any other matter with the permission of the Chair.**

A. उपाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को सूचित किया कि 25 सितंबर 2022 के आम सभा में मुझे क्रिकेटिंग गतिविधियों के संचालन की जो जिम्मेवारी दी गई है, मेरे द्वारा उक्त जिम्मेवारी से त्याग पत्र दे दिया गया है। इस विषय पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री राकेश कुमार तिवारी ने उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह के उक्त त्याग पत्र को अस्वीकार करते हुए, उपाध्यक्ष महोदय के विस्तृत अनुभव को देखते हुए उन्हे क्रिकेट संचालन की गतिविधियों के देखरेख एवं क्रिकेट गतिविधियों के संचालन का प्रभार पुन: ग्रहण करने का अनुरोध किया और आम सभा से अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय किया गया।

B. बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सुगम संचालन हेतु सचिव मि ज़ियाउल आरफीन को सामान्य प्रशासन और लीगल मामले, संयुक्त सचिव सुश्री प्रिया कुमारी और श्री ओम प्रकाश जयसवाल को Infrastructure Development के कार्यों को देखने के लिए अधिकृत किया गया।

C. सचिव महोदय ने बैठक मे उपस्थित सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये बताया कि कुछ जिला संघों के कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है तथा उन्होने निश्चित समय पर अपने जिला संघों का चुनाव नहीं करवाया है। सचिव महोदय ने आगे बताया कि कुछ अन्य जिला संघों की कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने वाला है तथा कुछ जिला संघों के संबंध मे न्यायिक/ट्रिबुनल के आदेश हैं, इस पर विचार एवं निर्णय की आवश्यकता है।
बैठक मे उपस्थित सदस्यों ने जिला संघों मे विधि सम्मत और लोकतान्त्रिक ढंग से निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन जरूरी है जिससे गतिविधियों का सुगम संचालन हो सके। अतः, सर्वसम्मति से ऐसे मामलों मे अध्यक्ष को उचित विधिक परामर्श एवं लीगल कमिटी से विमर्श कर विधिसम्मत कारवाई हेतु अधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

D. आसन से आदेश लेकर, जिला संघों के प्रतिनिधि श्री ओम प्रकाश जयसवाल के द्वारा पूर्व में जिलों में टर्फ विकेट निर्माण के लिए राशि देने के विंदु पर बैठक के उपस्थित सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया, जिस पर बीसीए कार्यालय के द्वारा जानकारी दी गई कि सात जिलों के दस्तावेज़ प्राप्त हैं। बैठक में इन सात जिलों को पाँच-पाँच लाख रुपया जारी करने का निर्णय करते हुए शेष जिलों को शीघ्र टर्फ विकेट युक्त मैदान के निर्माण हेतु आवश्यक प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया गया, ताकि सभी जिलों में टर्फ युक्त मैदान का उपलब्ध हो सके।

Rakesh Kumar Tiwary



**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

E. बैठक में खेल गतिविधि के विकास के लिए सक्षम पदाधिकारी / कर्मचारी के जिला भ्रमण के विंदु पर भी निर्णय किया गया, और उक्त भ्रमण पर आने वाले खर्च को बी सी ए के द्वारा वहन करने का निर्णय किया गया।

F. बैठक में नए सीईओ की नियुक्ति तक वर्तमान सीईओ मनीष राज के द्वारा काम करते रहने तथा नए सीईओ की नियुक्ति के बाद उचित वेतनमान पर मनीष राज की सेवा सलाहकार के रूप में लिए जाने का निर्णय किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary

**(Rakesh Kumar Tiwary)**
**President,**
**Bihar Cricket Association**



**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation